भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3387 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026/16 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है

महाराष्ट्र में अंतर्देशीय जल परिवहन

†3387. श्री अरविंद गणपत सावंत :

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का महाराष्ट्र में अंतर्देशीय जल परिवहन के विकास के लिए कोई नई परियोजना शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का महाराष्ट्र के आंतरिक क्षेत्रों को प्रमुख पत्तनों से जोड़ने के लिए मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स और ड्राई पोर्ट विकसित करने का विचार है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा महाराष्ट्र राज्य में अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) के विकास हेतु प्रस्तावित परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

(i) राष्ट्रीय जलमार्ग-28 (दाभोल क्रीक-वाशिष्ठी नदी) का विकास
(ii) राष्ट्रीय जलमार्ग-89 (सावित्री नदी और बांकोट क्रीक) का विकास
(iii) जलयानों की आवाजाही की मॉनिटरिंग हेतु तीन स्थानों नामत: रायगढ़ जिले में राष्ट्रीय जलमार्ग-10 (अंबा नदी), रायगढ़ जिले में राष्ट्रीय जलमार्ग-83 (राजपुरी क्रीक) और रत्नागिरी जिले में राष्ट्रीय जलमार्ग-91 (शास्त्री नदी - जयगढ़ क्रीक) में जलयान ट्रैकिंग स्टेशन की स्थापना।

(ख) और (ग): सरकार द्वारा महाराष्ट्र राज्य में आधुनिकीकरण और पत्तन संपर्कता हेतु शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

अनुबंध

दिनांक 07/08/2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 3387 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

महाराष्ट्र राज्य में आधुनिकीकरण और पत्तन संपर्कता के लिए शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	**परियोजना**	**परियोजना लागत (करोड़ रू में)**
1	पीर पाऊ में तीसरे केमिकल बर्थ का निर्माण	161
2	मैलेट बंडर मत्स्य हार्बर में नई मत्स्य जेट्टी का विकास	96.60
3	इंदिरा डॉक पर मुंबई अंतराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल (एमआईसीटी) का आधुनिकीकरण, विकास, प्रचालन और रखरखाव	363.85
4	मरीन ऑयल टर्मिनल पर एससीएडीए और पीएलसी ऑटोमेशन सिस्टम	22.77
7.	पालघर जिले में खारवादेश्वरी जेट्टी के लिए अप्रोच मार्ग का निर्माण	15.00
8.	नारंगी जेट्टी के लिए अप्रोच मार्ग का निर्माण	29.41
9	मुंबई पत्तन के पीर पाऊ टर्मिनल पर अग्निशमन सुविधाओं का संवर्धन	52.69

*****